मैया के नवराते आ गए

ढोल बजा ओय चंग बजा,
तू भक्तों को ले संग बजा,
चल झूमें, ओ चल नाँचे,
मैया के नवराते आ गए,
देखो देखो, मैया के नवराते आ गए॥

अबके मैया रानी को ऐसी सजायेंगे,
देखने को देव सारे धरती पे आएंगे,
मैया की चुनर निराली हो,
हाथों मेहंदी की लाली हो,
चल झूमें, ओ चल नाँचे,
मैया के नवराते आ गए,
देखो देखो, मैया के नवराते आ गए॥

भक्तों ने माँ की चौकी प्यार से सजाई है,
शेर की सवारी करके, बैठी महामाई है,
चुनड़ चढ़ा चल धोक लगा,
मैया को छप्पन भोग लगा,
चल झूमें, ओ चल नाँचे,
मैया के नवराते आ गए,
देखो देखो, मैया के नवराते आ गए॥

मैया मेरी शेरोवाली, भरती है झोलियाँ,
दर पे लगी है देखो भक्तों की टोलियाँ,
जो भक्त मुरादें लाता है, “सुनील” ना खाली जाता है,
चल झूमें, ओ चल नाँचे,
मैया के नवराते आ गए,
देखो देखो, मैया के नवराते आ गए,
ढोल बजा ओय चंग बजा,
तू भक्तों को ले संग बजा,
चल झूमें, ओ चल नाँचे,
मैया के नवराते आ गए,
देखो देखो, मैया के नवराते आ गए................

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23776/title/mayia-ke-navrate-aa-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |